तापमान
अधिकतम 42 .0 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

11 फिलिंग स्टेशन मैनेजर से चाकू के बल पर आठ लाख...



11 स्नातक में बीबीए की काजल व स्नातकोत्तर में एमएससी...



## खबर संक्षेप

### ई-रिक्शा व दोपहिया वाहन चोरी, शिकायत

**सोनीपत।** अलग-अलग स्थानों से ई-रिक्शा व दोपहिया वाहन चोरी होने के मामले सामने आया है। पीड़ितों ने मामलों को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मोहन नगर निवासी प्रवीन ने बताया कि वह गोहाना रोड स्थित एक निजी बैंक में चपरासी का काम करता है। उसके पास एक ई-रिक्शा भी है।

### विहिप ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**गन्नौर।** विश्व हिंदू परिषद गन्नौर ने सोमवार को उपमंडल अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार गजे सिंह को ज्ञापन सौंपकर हिंदू समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। परिषद ने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदू समाज पर हो रहे हमलों से आक्रोश व्याप्त है।

### मकान का ताला तोड़ 1 लाख रुपये की चोरी

**गन्नौर।** बसंत बिहार में बंद मकान का ताला तोड़ चोर नकदी चोरी कर ले गया। मकान मालिक ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में बसंत विहार निवासी नमन टुटेजा ने बताया कि वह 27 अप्रैल की दोपहर को पड़ोस में रस्म पगड़ी पर गया था। करीब 1 घंटे बाद घर आया तो घर का दरवाजा टूटा हुआ था और घर मे समान बिखरा पड़ा था। जब वह अंदर गया तो अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर मौजूद थे, जो उसे देखते ही भाग गया।

### प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग 18 घंटे बाद हुई काबू

**गन्नौर।** रामनगर रोड स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में रविवार शाम लगी भीषण आग पर करीब 18 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। फैक्ट्री में लकड़ी का कच्चा माल भरा होने के कारण आग लगातार सुलगती रही, जिससे आग पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो गया। सूचना के अनुसार फैक्ट्री में लकड़ी के दरवाजे बनाए जाते हैं और वहीं मजदूरों के लिए लेबर क्वार्टर भी बने हुए हैं। रविवार को मजदूर छुट्टी होने के कारण बाजार गए हुए थे और फैक्ट्री में केवल चौकीदार मौजूद था।

### अवैध हथियार की घटना में दूसरा आरोपित दबोचा

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने अवैध हथियार की पूर्व घटना में संलिप्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित शहीद बीरबल ढाणियां जिला जोधपुर, राजस्थान का निवासी है। क्राइम यूनिट की टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक अजय ने अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान नई अनाजमंडी के पास मौजूद थे।

---

### शिक्षा विभाग ने शुरू किया अभियान, अधिकारियों और प्राचार्यों को दिए निर्देश

# बिना मान्यता के प्राइवेट स्कूल व अवैध कोचिंग सेंटरों पर कसा जाएगा शिकंजा

सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिलों की संख्या बढ़ाने पर भी दिया जोर जिला शिक्षा अधिकारी ने वीसी के माध्यम से ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। मीटिंग लेते हुए डीईओ नवीन गुलिया साथ में अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिले में शिक्षा के नाम पर खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूलों और अवैध कोचिंग सेंटरों पर के खिलाफ कार्रवाई का बिगुल बजा दिया है। बच्चों के भविष्य से समझौता करने वालों के खिलाफ अब कार्रवाई होगी। जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में साफ कर दिया गया कि नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों पर कोई रहम नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही, सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने, शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी एक सशक्त योजना तैयार की गई है।

सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में बीईओ, हेडमास्टर, प्रिंसिपल और एलीमेंट्री हेड्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें बिना मान्यता के चल रहे प्राइवेट स्कूलों और अवैध कोचिंग सेंटरों का मुद्दा गूंजा। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत जिले में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा प्रदान करना और अवैध संस्थानों की पहचान कर उन्हें बंद करना है। इसके अलावा, जिला शिक्षा अधिकारी ने सरकारी स्कूलों में बच्चों के नामांकन बढ़ाने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस बैठक में कई अहम निर्देश दिए गए, जिनका उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना और बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराना है। बैठक में दिए गए दिशा निर्देश इस प्रकार हैं।

#### बिना मान्यता प्राइवेट स्कूलों पर सख्त कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी ने इस बैठक में बिना मान्यता के चल रहे प्राइवेट स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे स्कूलों की पहचान कर उन्हें बंद करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। शिक्षा विभाग ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिलेभर में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करें, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और अवैध संस्थानों की बढ़ती संख्या पर काबू पाया जा सके। ऐसे स्कूलों की स्थिति की गहन जांच की जाएगी और संबंधित कानूनी कदम उठाए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों स्कूल हेडमास्टर्स, प्रिंसिपलों और एलिमेंट्री हेड्स को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में बिना मान्यता संचालित हो रहे स्कूलों की सूची तैयार करें। इन स्कूलों की गहन जांच के बाद, उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अवैध स्कूलों को बंद कराने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाएगी। अधिकारियों को कहा गया है कि वे बच्चों के अभिभावकों को भी इस विषय में जागरूक करें ताकि वे केवल मान्यता प्राप्त संस्थानों में ही अपने बच्चों का दाखिला कराएं।

#### अवैध कोचिंग सेंटरों पर भी गिरेगी गाज

अवैध कोचिंग सेंटरों पर शिकंजा कसने के लिए शिक्षा विभाग ने कड़े निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से, ऐसे कोचिंग सेंटर जो सुबह 8 बजे से दोपहर 2:30 बजे के बीच ऐसे बच्चों को पढ़ाते हैं, जिनकी आयु 5 से 18 वर्ष की है। या फिर ऐसे बच्चे जिन्होंने 12वीं कक्षा पास नहीं की है। ऐसे कोचिंग सेंटर्स पर कार्रवाई की जाएगी। इन कोचिंग सेंटरों का संचालन बिना किसी कानूनी अनुमति के हो रहा है, और ऐसे संस्थानों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों को इन कोचिंग सेंटरों की जांच करने के आदेश दिए गए हैं और यदि ये नियमों का उल्लंघन करते पाए जाते हैं, तो इन्हें बंद कर दिया जाएगा। ऐसे संस्थानों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए उन्हें सील करने और संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

#### शिक्षकों की शीघ्र जॉइनिंग, दाखिलों पर चिंता

वीसी के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा विभाग ने टीजीटी (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर), पीजीटी (पोस्ट ग्रेजुएट टीचर) और ग्रुप डी पदों पर चयनित कर्मचारी का रिकॉर्ड ऑनलाइन शीघ्र पंजीकृत करवाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। विभाग का मानना है कि स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में देरी बच्चों की शिक्षा को प्रभावित कर सकती है। वहीं सरकारी स्कूलों में के बाद छात्रों के नामांकन में आई गिरावट को लेकर चिंता जताई है। कक्षाओं में बच्चों की संख्या कम हो गई है। इसे देखते हुए अधिकारियों को सरकारी स्कूलों में बच्चों के नामांकन को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है। इसके लिए अभिभावकों और बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिले के लाभ बताने और उन्हें प्रोत्साहित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पूरी व्यवस्था हो, ताकि बच्चों और उनके माता-पिता का विश्वास बढ़ सके ,बैठक में सरकारी स्कूलों में घटते छात्र नामांकन पर चिंता जताई गई।

#### टैबलेट और सिम कार्ड की वापसी

जिन बच्चों को 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा में टैबलेट और सिम कार्ड दिए गए थे और जो अब स्कूल छोड़ चुके हैं, उनसे इन उपकरणों की वापसी के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इन टैबलेट्स और सिम कार्डों का वितरण विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए किया गया था, लेकिन अब जो विद्यार्थी स्कूल छोड़ चुके हैं, उनसे यह उपकरण वापस लिए जाएंगे। इसके अलावा, सिम कार्ड को डी-एक्टिवेट किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई स्कूल या संस्थान अवैध रूप से कक्षाएं चला रहा पाया जाता है, तो सोमवार तक उसके खिलाफ कार्रवाई अनिवार्य रूप से शुरू कर दी जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि लापरवाही करने वालों पर भी विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

---

## पार्ट टाइम सफाईकर्मियों ने नियमित करने की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



गन्नौर। जनता दरबार में हलके के लोगों की समस्या सुनते विधायक देवेन्द्र कादियान।

- विधायक कादियान ने जनता दरबार लगा सुनी समस्या, अधिकारियों को समाधान के निर्देश

**गन्नौर।** शिक्षा विभाग पार्ट-टाइम सफाई कर्मचारी एसोसिएशन चतुर्थ श्रेणी के बैनर तले कर्मचारियों ने हलका विधायक देवेंद्र कादियान को उनके कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रवीन तेवड़ी, सुनील कुमार, दीपक, गोविंद, सुभाष, कृष्ण, अमित सनपेड़ा, संदीप आदि ने बताया कि वे सरकारी स्कूलों में 10 से 20 साल से अस्थायी तौर पर कार्यरत हैं। संघ की मांग है कि विभागीय नीति के अनुसार पार्ट टाइम कर्मचारियों को नियमित किया जाए। कर्मचारियों ने बताया कि साल 2012 और 2018 के बीच कुछ पार्ट टाइम कर्मचारियों को नियमित किया गया था। उसके बाद से अब तक किसी को नियमित नहीं किया गया। मांग की गई कि जिन पार्ट टाइम कर्मचारियों का निधन हो गया या जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनके परिवार को आर्थिक सहायता या रोजगार दिया जाए। जो स्कूल मर्ज किए गए हैं, उनके कर्मचारियों को अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाए। विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय पर जनता दरबार लगाया। लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर लोगों ने राशन कार्ड, बुढ़ापा पेंशन, साफ-सफाई जैसी समस्याएं रखीं।

## लाल डोरा के अंतर्गत आने वाली प्रॉपर्टी धारकों को मिलेगा मालिकाना हक : त्यागी



राई। जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई निगम टीम के साथ लिस्ट का सर्वे करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**राई।** लाल डोरा के अंतर्गत आने वाली प्रॉपर्टी धारकों को मिलेगा मालिकाना हक मिलेगा। इसके लिए सोमवार को राई गांव में नगर निगम आयुक्त द्वारा वार्ड नंबर 8 में टीम भेजकर कार्रवाई की। पुनीत राई ने कहा कि टीम ने ग्रामीणों को जागरूक किया है कि आपत्ति एवं दावे नगर निगम कार्यालय सोनीपत में आगामी 30 दिन के अंदर दर्ज कराने होंगे। पुनीत राई ने टीम के साथ चलकर लिस्ट को राई गांव में कम्यूनिटी हॉल, लिवान गांव में जनरल चौपाल के बाहर लिस्ट को लगवाया गया ताकि लोगों को मालिकाना हक के बारे में पूरा पता मिल सके। पुनीत राई ने कहा कि गांव के लोगों को लाल डोरे की जमीन का मालिकाना हक देने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। रिपोर्ट के आधार पर उन लोगों के मकान की रजिस्ट्री एक रुपये में करवाई जाएगी। इसके लिए सर्वे शुरू हो चुका है। साथ ही, निगम द्वारा इन लोगों को मालिकाना सर्टिफिकेट भी जारी किया जाएगा।

---

## सफाई और वाटर पंप ऑपरेटरों का प्रदर्शन

- तीन माह का बकाया वेतन मांगा, नारेबाजी करते हुए निगम आयुक्त से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन और वाटर पंप ऑपरेटरों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को नगर निगम कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने तीन माह के बकाया वेतन की मांग को लेकर अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। उसके बाद निगमायुक्त हर्षित कुमार ने अपने कार्यालय में प्रतिनिधि मंडल को वार्ता के लिए बुलाया।

इस दौरान निगमायुक्त ने संविदा सफाई कर्मचारी व वाटर पंप ऑपरेटर की बकाया तीन माह का वेतन 2 मई तक देने का आश्वासन दिया। दूसरी मांग यह थी कि वाटर पंप ऑपरेटर को कौशल रोजगार निगम में समायोजित किया जाए तथा सफाई कर्मचारियों को पे रोल पर लिया जाए।

#### दी चेतावनी

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मंच के प्रदेश महासचिव आरके नागर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 2 मई तक दोनों पक्षों का वेतन जारी नहीं किया तो 5 मई को कर्मचारी पानी आपूर्ति बंद करके, सीवर व सफाई व्यवस्था ठप करके हड़ताल पर जाएंगे। इस दौरान संदीप धनखड़, संदीप दहिया, विवेक नैय्यर, मुकेश टांक, मुकेश कर्मा, प्रवीण कुमार, सावन कुमार, युधिष्ठिर, अमित कुमार, रविंद्र कुमार, सोनू, टीनू मदान, महावीर नागर, प्रदीप खत्री, राज सिंह वर्मा, सूरज, अमित कुमार, गौतम शर्मा भी मौजूद रहे।

### कार का शीशा तोड़कर हजारों रुपये चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-15 में घर के बाहर खड़ी एक प्रापर्टी डीलर की कार का शीशा तोड़कर चोर हजारों रुपये की नकद राशि व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

सेक्टर-15 निवासी अमित दहिया ने कि वह प्राप्टी डीलर का कार्य करता है। किसी काम को लेकर वह बाहर गया हुआ था। उसके बाद वापस लौटे तो अपनी कार को घर के बाहर खड़ा कर दिया। सुबह उठे तो कार की पिछली सीट का शीशा टूटा हुआ था। जांच की तो कार में रखे 52,500 रुपये, ईसीएम, पुश बटन स्टार्ट, गाड़ी का लॉक और उनका चश्मा गायब मिला। रात को किसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

## दोपहिया वाहन खरीदने वाले डीलर से मांगी 25 लाख की रंगदारी

- गोहाना रोड स्थित मोटर्स संचालक से मांगी गई रंगदारी, पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज
- 25 लाख नहीं देने पर दी एके-47 से गोली मारने की धमकी
- रंगदारी को पहले किया कॉल तो पीड़ित ने समझा मजाक
- बाद में कई कॉल करने के साथ दुकान के बाहर आए तीन युवकों ने दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर थाना क्षेत्र के गोहाना रोड स्थित दोपहिया वाहन डीलर से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और न देने पर एके-47 से गोली मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। तकि रंगदारी मांगने वाले का जल्द से जल्द सुराग लग सके।

गली नंबर-24 मयूर विहार निवासी संजय ने शहर थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह छोटूराम चौक के पास दादा गगन साध मोटर्स के नाम से दोपहिया वाहनों की खरीद-फोख्त करता है। उसके पास पास 24, नवंबर 2024 को 11 अंक के मोबाइल नंबर से कॉल आई थी, जिसमें 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी और न देने पर एके-47 से गोली मारने की धमकी दी गई थी। पहले उन्होंने इसे मजाक समझ कर अनदेखा कर दिया। अब 15 अप्रैल को उसी नंबर से उन्हें लगातार चार धमकी भरे कॉल आए। कॉल में न केवल गाली-गलौज की गई बल्कि दुकान बंद करने और जान से मारने की धमकियां भी दी गईं। संजय ने इन कॉल्स की रिकॉर्डिंग कर डायल 112 पर सूचना दी। पीड़ित ने बताया कि 27 अप्रैल को तीन युवक बाइक पर उनकी दुकान के बाहर आए और उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

#### जांच जारी

पीड़ित ने मामले को लेकर थाने में शिकायत दी है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। साइबर सेल की मदद से कॉलर की पहचान व बाइक सवार बदमाशों की तलाश के प्रयास किए जा रहे है। गिरफ्तारी होने के बाद आरोपितों से पूछताछ में मामले का खुलासा हो सकेगा। पुलिस टीमें आरोपितो की तलाश के लिए दबिश दे रही है।

एचसी दिनेश कुमार, जांच अधिकारी।

### दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन निवासी गांव छत्तेहरा हाल में शहर का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक युवती ने गत 14 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह शहर में कोचिंग के लिए आती थी। उसकी मुलाकात सचिन नाम के युवक से हुई। सचिन ने उसे बहलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। महिला उप निरीक्षक मीनाक्षी की टीम ने युवती का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

---

## परमिट के विरोध में किया प्रदर्शन

- प्रदेश जनता निजी बसों की नहीं अपितु रोडवेज की बसों की मांग करती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। प्रदर्शन करते हुए रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के जुड़े रोडवेज कर्मियों ने सोमवार को गोहाना बस स्टैंड पर बैठक की। मोर्चा के नेताओं ने राज्य सरकार के निजी बसों को परमिट देने के फैसला का विरोध करते हुए प्रदर्शन भी किया।

कर्मचारी नेता प्रवीण मलिक व अनिल मोर ने कहा कि प्रदेश की जनता कभी भी प्राइवेट बसों की मांग नहीं करती है। इसके बावजूद राज्य सरकार 362 मार्गों पर 3658 प्राइवेट बसों को परमिट देने पर अड़ी हुई है। प्रदेश की जनता सरकारी बसों की मांग कर रही है, जिस पर सरकार को विचार करना चाहिए। मोर ने कहा कि रोडवेज के बेड़े में 10 हजार सरकारी बसें शामिल करके 60 हजार बेरोजगारों को रोजगार दिया जा सकता है। सरकारी बसें प्राइवेट बसों से ज्यादा टैक्स में धन जमा करती हैं। सरकारी बसों में बेरोजगारों को स्थाई व सुरक्षित रोजगार मिलता है। सरकार निजीकरण की पालिसी अगर वापस नहीं लेगी तो आंदोलन तेज किया जाएगा। 15 मई को अंबाला में न्याय मार्च निकाला जाएगा। इसके बावजूद सरकार मांगों के प्रति गंभीर नहीं हुई तो 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में पूर्ण चक्का जाम किया जाएगा। रोडवेज कर्मी परिचालकों का पे ग्रेड काम के आधार बढ़ाने, ,लिपिकों का वेतन बढ़ाने, चालको को हैवी चालक ग्रेड पे स्केल देने, चालक व परिचालकों को रात्रि ठहराव एक महीने में 10 से बढक़र 25 करने, 2002 के चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने और पुरानी पेंशन योजना लागू करने की भी मांग कर रहे हैं। इस मौके पर अशोक, संदीप, हरमेश, देवेंद्र हुड्डा, राजेश, अशोक, राजबीर, सतपाल, कुलदीप मौजूद रहे।

**विकास को गति** | विधायक निखिल मदान ने सेक्टर 14 कार्यालय में सुनी जन समस्याएं

# सोनीपत में डी प्लान से होंगे 2 करोड़ रुपये के विकास कार्य : मदान

मौके पर ही अधिकारियों को दिए समाधान के दिशा निर्देश

- देवड़ू गांव में श्मशान घाट का शेड भी बदला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। अपने कार्यालय में बैठक के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए विधायक निखिल मदान।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत विधानसभा में डी प्लान से लगभग दो करोड रुपए की लागत के विकास कार्य जल्दी शुरू होंगे। विधायक निखिल मदान सोमवार को अपने सेक्टर 14 कार्यालय में आम जन की समस्याएं सुन रहे थे। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नं 17 वेस्ट राम नगर में गली नंबर 8 और 2 को सी सी से पक्का किया जाएगा। गली नं 2 में नई सीवरेज लाइन भी बिछाई जाएगी। वार्ड नं 3 में सेक्टर 14 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दादा भटूरे वाली गली के पास सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य करवाया जाएगा। वार्ड 11 के मसद मोहल्ला मामा भांजा चौक के पास भी सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। वार्ड नं 2 कटरा मोहल्ला में नाली का निर्माण करवाया जाएगा। वार्ड नं 4 सेक्टर 12 फेस 3 में सार्वजनिक शौचालय बनवाने का कार्य भी किया जाएगा।

सब्जी मंडी सोनीपत में राहगीरों और मंडी के श्रमिकों के लिए पानी का प्याऊ भी बनवाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही वार्ड नं 14 की लक्ष्मण कालोनी की मुख्य गली को इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का करवाने की भी संस्तुति भेजी गई है। वार्ड नं 11 चार मरला शांति नगर में गुरुद्वारे वाली गली को भी पक्का किया जाएगा। वार्ड नं 5 के ऋषि नगर में नाहर सिंह श्मशान घाट का जर्जर हो चुका शेड बदला जाएगा और शव रखने वाले सीमेंटेड रैंप को नए सिरे से बनाया जाएगा। वहीं देवड़ू गांव में श्मशान घाट का शेड भी बदला जाएगा। इसके साथ ही भीम नगर में रेलवे पार्क के सामने पार्किंग में शेड लगाने और फर्श को पक्का करने का कार्य भी किया जाएगा। मुरथल रोड पर झूले वाली गली में पेयजल आपूर्ति के लिए नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। वार्ड नं 6 में आयुष्मान आरोग्य मंदिर फाजिलपुर में शौचालय की मरम्मत, चारदीवारी करवाने और शेड लगवाने का कार्य किया जाएगा।



स्पेशल: वर्ल्ड लाफ्टर-डे 4 मई

जिंदगी की इस आपा-धापी में हम हंसना भूलते जा रहे हैं, जबकि हेल्दी लाइफ के लिए हंसना बहुत जरूरी है। इस बात की पुष्टि कई शोध भी करते हैं। इसलिए नई-नई वजहों से खुलकर, जमकर हंसते रहिए, साथ ही दूसरों को भी हंसाते रहिए।

# खुलकर हंसें-हंसाएं जिंदगी में बहार लाएं

कवर स्टोरी
चेतना झा

सच कहा जाता है, 'लाफ्टर इज द बेस्ट थेरेपी'। हंसने से बड़ी कोई दवा नहीं। लाखों के कपड़े-गहने पहन लें या दुनिया के बेस्ट प्रोडक्ट से मेकअप कर लें, तस्वीर तो तभी अच्छी आएगी जब आप 'स्माइल प्लीज' कहने पर मुस्कुरा देंगी। 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा...' जैसे फिल्मी गीत यों ही नहीं बने हैं। छोटी-सी मुस्कुराहट चेहरे पर चार चांद लगा देती है। किसी की हंसी-मुस्कान कभी पहली नजर में भा जाती है, जीवन भर के साथी बन जाते हैं, तो किसी का संबल भी बनती है। कुदरत का यह तोहफा नायाब है। जब हम आज की व्यस्त दिनचर्या में अपनी हंसी खोते जा रहे हैं तो इसकी अहमियत को समझें, सजग हों कि हंसना जरूरी है। आज दुनिया भर में हंसने के बहाने ढूंढ़े जा रहे हैं। हंसना जरूरी न समझा जाता तो हर साल 'वर्ल्ड लाफ्टर-डे' क्यों मनाया जाता? आज तो हंसने-हंसाने के लिए जगह-जगह लाफ्टर क्लब खुल चुके हैं, लोग यहां आकर एक साथ हंसते हैं, अपना मेंटल स्ट्रेस कम करते हैं। अपने भीतर खुशियां समेटते हैं।

**शुरू हुई मेडिकल क्लाउनिंग:** हंसने के फायदे इसी से समझे जा सकते हैं कि मेडिकल क्लाउनिंग जैसे प्रोफेशन अब शुरू हो गए। इस प्रोफेशन को अपनाने वाले लोग अस्पतालों में या स्वयं क्लीनिक खोलकर असाध्य रोगों से जूझ रहे लोगों के होंठों पर मुस्कान लाने का प्रयास करते हैं। विभिन्न शोधों से मालूम हो चुका है कि ऐसे प्रयास किसी दवा से कम कारगर नहीं होते बल्कि यह कहिए कि दवाएं तभी काम करती हैं, जब चेहरे पर हंसी हो। दरअसल, हंसी हमारे भीतर सकारात्मक भाव पैदा करती है, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कई शोधों से यह पता चला है कि हंसने से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन बनता है, जो हमारा मूड हैप्पी रखता है। हम



अपने आपको तरोताजा महसूस करते हैं। यह हार्मोन हमें सुखद एहसास और पॉजिटिव थिंकिंग देता है।

**हंसी को न बनाइए दुर्लभ:** हंसना हमारे लिए बहुत फायदेमंद है। इसीलिए अब लोग लाफ्टर क्लब के सदस्य बनने लगे हैं, लोग पार्क में एकत्र होकर हंसते हैं, लेकिन यहां यह भी सवाल उठता है कि क्या हंसी इतनी दुर्लभ हो गई है कि इसके लिए हमें बनावटी तरीके अपनाने पड़ें। हंसने के लिए हमें सहज तरीके अपनाने चाहिए ताकि हम सचमुच हंसें। हंसने के लिए हमें अपने आस-पास के लोगों की बातों पर हंसने की वजह खोजनी चाहिए। आमतौर पर हम हंसना-हंसाना दोस्तों-सहेलियों या फिर देवर-भाभी, जीजा-साली जैसे रिश्तों के बीच हुई बातें मानते हैं, लेकिन सिर्फ इनसे ही नहीं, आप अपने पति, बच्चों और बुजुर्ग माता-पिता के साथ भी मजेदार बातें करें, सबके साथ हंसिए। परिवार के सदस्यों के साथ हंसना आपके रिश्तों में मिठास घोलेगा, इससे आपके रिश्ते गहरे भी होंगे।



**बेस्ट एंटी एजिंग फॉर्मूला:** अगर आप यह कॉम्प्लिमेंट पाना चाहती हैं, 'आपकी स्किन से आपकी उम्र का पता ही नहीं चलता,' तो किसी साबुन या क्रीम से ज्यादा अपनी हंसी पर भरोसा कीजिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि हंसने से चेहरे की मांसपेशियों की बेहतरीन एक्सरसाइज होती है। इससे चेहरे पर झुर्रियां जल्दी नहीं पड़तीं। हंसने के दौरान हम गहरी सांस लेते और छोड़ते हैं, इस कारण शरीर में ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है। यही कारण है कि हंसने-हंसाने वाली महिलाएं न केवल अधिक जवां दिखती हैं, ऊर्जावान भी रहती हैं, तो एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स पर पैसे बहाने की बजाए, बस हंसी पर ऐतबार कीजिए और हमेशा जिंदादिल, जवां रहें।

**ध्यान कीजिए पिछली बार कब खुलकर हंसी थीं:** आज की लाइफस्टाइल में हंसना-हंसाना बहुत बड़ी बात हो गई है।



हास्य कलाकारों या कवियों के पारिश्रमिक कई बार आपको चौंका सकते हैं। यह और बात है कि ऊंचा पेमेंट लेकर भी कई बार वे घिसी-पिटी हास्य कविताएं या जोक सुनाते हैं। हंसाने के लिए टीवी पर कई कॉमेडी शोज भी आते हैं। इनकी टीआरपी बहुत अच्छी होती है। असल में यह सारी मशक्कत इसलिए है कि हम हंसना अब भूलते जा रहे हैं। बड़ी-से-बड़ी किसी हंसी वाली बात पर भी बस हल्के से मुस्कुरा देना,हमारी आदत-सी बन गई है। यकीन न हो तो खुद ही याद कीजिए कि पिछली बार आप कब खुलकर हंसी थीं?

**ड्रामा नहीं, कॉमेडी देखिए:** पिछले दिनों यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड में एक शोध किया गया। जिन लोगों पर यह शोध किया गया, उन्हें दो ग्रुप में बांटा गया। पहले ग्रुप को कॉमेडी दिखाई गई तो दूसरे को थोड़ा तनाव देने वाला ड्रामा दिखाया गया। परिणाम में देखा गया कि जिस ग्रुप को कॉमेडी दिखा कर हंसाया गया, उनका रक्त संचार दूसरे ग्रुप से बेहतर था। इसलिए टीवी पर सास-बहू या अपराध से जुड़े सीरियल देखने से कहीं बेहतर है, आप हेल्दी कॉमेडी शोज को देखें।

**दर्द हो जाएगा उड़न-छू:** यकीनन आपकी जिंदगी में भी कई ऐसे लोग होंगे, जिनकी हंसी-ठिठोली देखकर आपके सारे गम उड़न-छू हो जाते होंगे। काम से थक कर वापस आने पर जीवन साथी या बच्चों की हंसी और बूढ़े माता-पिता की मुस्कान एक सुकून देती है। इनकी वजह से ही हम कुछ देर के लिए सारे दुख-दर्द भूल जाते हैं। कई शोध में पाया गया है कि स्पोंडिलाइटिस या कमर, रीढ़ के असहनीय दर्द को दूर भगाने में लाफ्टर थेरेपी बहुत कारगर साबित हुई है। इसीलिए लाफ्टर थेरेपी को मानने वालों का नारा है, 'दस मिनट ठहाके लगाइए और घंटे भर दर्द से दूर रहिए।'

हम देखते हैं कि इस भागम-भाग भरी जिंदगी में हम अक्सर भौतिक संसाधन बटोर कर खुश रहने का प्रयास करते हैं, लेकिन सच तो यह है हम अपना सुकून खो रहे हैं। तो इस लाफ्टर-डे पर अपने आपसे प्रॉमिस कीजिए कि हंसने-हंसाने के नए-नए बहाने खोजेंगे, खुलकर खुद हंसेंगे और दूसरों को भी हंसाएंगे।

---

मिड एज में आते ही कुछ महिलाओं को लगता है, जीवन बहुत जी लिया, अब कुछ नया करने की उम्र नहीं है। उम्र के किसी भी पड़ाव पर आप बहुत कुछ नया कर सकती हैं, बस हमेशा उत्साह-उमंग से भरे रहिए, आपकी हर आकांक्षा पूरी होगी।



# मिड एज में भी जिंदगी लगेगी खूबसूरत

बी पॉजिटिव
शिखर चंद जैन

यही 40-45 की उम्र में आते ही कुछ महिलाएं जिंदगी में एक ठहराव महसूस करने लगती हैं। उन्हें लगता है, बस अब जिंदगी की रफ्तार थम गई है। अब कुछ नया करने को नहीं है। ऐसी महिलाओं में जिंदगी के प्रति कोई उत्साह-उमंग नहीं रहता। इस तरह की नेगेटिव सोच सही नहीं है। हमें यह समझना चाहिए, जिंदगी का हर दिन नया है। चाहे मिड एज हो या ओल्ड, नएपन, निखार, सुधार, तरक्की, उत्साह-उमंग और सफलता की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। बस जिंदगी के प्रति हमारा नजरिया उत्साहपूर्ण और पॉजिटिव होना चाहिए।



**जीवन जितना है, बहुत है:** मिड एज में आते ही बहुत-सी महिलाएं सोचती हैं, 'अब जिंदगी बची ही कितनी है, जो कुछ नया शुरू किया जाए।' इस तरह की नेगेटिव सोच आपको उत्साह-उमंग भरी जिंदगी जीने से रोकती है। हमेशा यही सोचना चाहिए कि अभी तो हमारे सामने जीवन जीने के लिए लंबा समय है, बहुत कुछ करना बाकी है। जीवन जितना है, बहुत है। इसलिए उम्र के किसी भी पड़ाव पर नए सपने देखिए और इन्हें पूरा कीजिए, इससे आप हमेशा जीवंत रहेंगी। जिंदगी बहुत प्यारी-सी लगेगी।

**सोशल एक्टिविटीज बोझ नहीं:** कई महिलाएं उम्र का हवाला देकर सोशल एक्टिविटीज से बचती हैं। उन्हें लगता है कि यह सब फालतू काम हैं, इनमें समय की बर्बादी होती है। यह सोच गलत है। सोशल एक्टिविटीज न सिर्फ हमारा मन स्वस्थ रखती हैं बल्कि इससे हमारा सामाजिक दायरा, मित्रता और लोगों से घनिष्ठता भी बढ़ती है। मिड लाइफ तो विशेष रूप से सोशल एक्टिविटीज में इंवॉल्व होने का सही समय है। इससे आपका अपना एक सपोर्ट सिस्टम तैयार होता है।

**व्यर्थ की चिंताओं में न उलझें:** 'मैंने शुरू से ऐसा किया होता तो अच्छा होता', 'मैंने वैसे क्यों नहीं किया?', इस तरह की बातें व्यर्थ की चिंताएं हैं। जो बीत गई, सो बात गई, बीता समय कभी लौटकर नहीं आ सकता। इसलिए व्यर्थ की चिंताओं से मुक्त होकर जिंदगी जिएं। जीवन को सरसता और सहजता से जिएं। चिंताओं के बजाय आगे की जिंदगी के लक्ष्य तय करके, इन्हें पूरा करने में लग जाएं। आपको जिंदगी खूबसूरत लगेगी।

**कुछ सार्थक करें:** अगर इन दिनों आपके पास कुछ अतिरिक्त समय है, तो इसे किसी सार्थक काम में लगाएं। इसे सोशल नेटवर्क बढ़ाने, नई स्किल सीखने, मोटिवेशनल बुक्स पढ़ने, तन-मन की सेहत संभालने-संवारने में इस्तेमाल करें। आप चाहें तो बागवानी करें, पर्यटन के लिए निकलें। जीवन में नयापन चाहिए तो हर रोज नए-नए लोगों से मिलें।

**कुछ ऐसा करें जो आत्मसंतुष्टि दे:** जब हम अपने समाज और देश हित के लिए कुछ करते हैं तो हमें एक आत्मसंतुष्टि महसूस होती है। इसलिए अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के बाद अब आपको देश-समाज के लिए भी कुछ ऐसा करना चाहिए, जिसे करके आपको आत्मसंतुष्टि मिले, गर्व महसूस हो। गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाएं, उनके लिए कॉपी-किताब उपलब्ध कराएं। निरक्षर या वृद्ध लोगों के लिए सरकारी या बैंक संबंधी कार्य का निष्पादन करने में उनकी मदद करें, इससे आपको खुशी मिलेगी।

---

स्पेशल: इंटरनेशनल डांस डे, 29 अप्रैल

डांस एक ऐसी एक्टिविटी है, जो शरीर ही नहीं मन के मोर्चे पर भी बदलाव लाती है। सोशल फ्रंट पर जुड़ाव को इंस्पायर करती है। यही वजह है कि हमारे यहां पर्व और खुशी के हर अवसर पर नृत्य करने की परंपरा रही है। आइए, हम भी इसे अपने जीवन में शामिल कर, इसे उल्लास से भर दें।

# हेल्थ-सोशल बॉन्डिंग से जुड़ा आर्ट ऑफ डांस

लाइफस्टाइल
चैतन्या

नृत्य कला में संस्कृति के रंग ही नहीं, स्वास्थ्य से जुड़े फायदे भी निहित हैं। नृत्य करने से मन उल्लासित और शरीर सक्रिय रहता है। इसे करने से मन-जीवन को खुशहाल रखने वाले हार्मोंस स्त्रावित होते हैं। आलस दूर भागता है। चेहरे की भाव-भंगिमाओं से लेकर शरीर की लचक तक, नृत्य के अनगिनत लाभ हैं। सबसे अहम यह है कि नृत्य की उमंग संग होने वाले सेलिब्रेशंस में महिलाओं की भूमिका सबसे मुखर होती है। इसीलिए स्वास्थ्य सहेजने की बात हो या खुशियां मनाने की, डांस को अपने जीवन में जरूर जगह दीजिए। समय मिले तो अपनी पसंद की किसी नृत्य विधा को सीखिए। देश के जिस हिस्से से भी जुड़ी हैं, वहां के परंपरागत नृत्य की थाती को सहेजने में रुचि लीजिए। यह जुड़ाव आपके अपने जीवन को उल्लासित बनाए रखेगा।



**मन-मस्तिष्क रहते हैं स्वस्थ:** नृत्य मनोभावों की अभिव्यक्ति का प्रभावी माध्यम है। यह कला सदा से ही अपने आपको एक्सप्रेस करने का सबसे सुंदर तरीका रही है। यही वजह है कि यह आर्ट, सीधे-सीधे मन-मस्तिष्क की बेहतरी से जुड़ी है। डांस करने से तनाव और अवसाद जैसी कई बीमारियों का खतरा कम होता है। मन तरोताजा रहता है। याददाश्त अच्छी होती है। नियमित डांस करने से दिमाग सजग रहता है। न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन का अध्ययन बताता है कि डांस करने से डिमेंशिया होने की संभावना कम हो जाती है। नए-नए स्टेप्स सीखना और नृत्य करने की आदत से मस्तिष्क सही और समय पर प्रतिक्रिया देने को लेकर सचेत रहता है। स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में जब दिमाग छोटी-छोटी बातें भूलने लगा है, डांस की एक्टिविटी फोकस बढ़ाने में मददगार बन सकती है। असल में शारीरिक संतुलन और सही भावाभिव्यक्ति को साधने से जुड़ी यह गतिविधि दिमाग को फोकस्ड रहना सिखाती है। इतना ही नहीं डांस करने से मूड भी अच्छा रहता है। यह मन:स्थिति उदासी और डिप्रेशन के घेरे से बचाती है। डांस एक ऐसी एक्टिविटी है, जिसे मिल-जुलकर ही नहीं अकेले भी किया जा सकता है। यही कारण है कि नृत्य में रुचि रखने वाले लोगों को अकेलापन भी नहीं घेरता।

**शारीरिक फिटनेस में सहायक:** शारीरिक सक्रियता के लिए नृत्य एक बेहतरीन एक्टिविटी है। इसीलिए कसरत करने के लिए भी डांस आर्ट से जुड़ा जा सकता है। यह कला ना सिर्फ फिजिकल फिटनेस में मदद करती है बल्कि शरीर को एजिंग से भी दूर रखती है। मोटापे की समस्या से जूझने और वजन घटाने के लिए एक्सरसाइज के रूप में डांस करना एक बेहतरीन विकल्प है। डांस करने से कैलोरीज तो बर्न होती ही हैं, मन भी खुश रहता है। इसके चलते शरीर को खुशी बढ़ाने वाले हार्मोंस मिलते हैं। नींद अच्छी आती है। ऐसे बातें भी अप्रत्यक्ष रूप से वजन कम करने में मददगार बनती हैं। डांस करने से स्टेमिना भी बढ़ता है। हेल्दी और एक्टिव लाइफस्टाइल को बढ़ावा मिलता है। हर ओर से चिंताओं में घिरी जिंदगी के इस दौर में नृत्य कला से जुड़ाव मन को स्थिर रखने में भी मदद करता है। शरीर की थिरकन समग्र जीवन को उमंग की सौगात देती है।

**सामाजिकता-आत्मविश्वास को बल:** नवरात्र में मिलकर गरबा करने की बात हो या लोहड़ी पर भांगड़ा-गिद्दा नृत्य की धूम। शादी-ब्याह की रौनक में थिरकने का उल्लास हो या परंपरागत नृत्य शैली को साधने की यात्रा। नृत्य, सामाजिकता मेल-जोल बढ़ाने और आत्मविश्वास को बल देने वाली कला है। खास धुन और खास अवसर पर मिलकर झूमने-थिरकने से आपसी जुड़ाव बढ़ता है। त्योहार हो या सामाजिक-पारिवारिक आयोजन, डांस करने से हर मौके की रौनक बढ़ जाती है। अध्ययन भी बताते हैं कि खुद को अभिव्यक्त करने की यह कला इंसान को नकारात्मक भावना से दूर रखती है। सामाजिक जुड़ाव और आपसी संवाद मानसिक और शारीरिक सेहत पर असर डालने वाले महत्वपूर्ण फैक्टर्स हैं। इसलिए अपनी जिंदगी में डांस को जरूर शामिल कीजिए।

---

मेकअप
सरिता गुप्ता

# गर्मियों के लिए परफेक्ट मैटलुक मेकअप

गर्मी के दिनों में नॉर्मल मेकअप अच्छा नहीं लगता है। इस मौसम में नेचुरल और मैटलुक मेकअप ही इंप्रेसिव लगता है। मिनिमल मेकअप से आपके फीचर्स शार्प और स्किन नेचुरल, फ्रेश और ग्लोइंग नजर आती है। अगर आपका फेस ऑयली है तो इस सीजन में आप मैटलुक मेकअप करें, क्योंकि इससे आपको प्यारा-सा लुक और स्मूद टेक्सचर मिलता है।

**क्लीनिंग:** सबसे पहले अपने चेहरे को क्लीन करें। इससे मेकअप में फिनिशिंग लुक परफेक्ट आएगा और यह लॉन्ग लास्टिंग भी बना रहेगा। फेस को धोने के लिए आप फेसवॉश से चेहरे को साफ करें और फिर बर्फ के टुकड़े से मसाज करें। चेहरा साफ करने के बाद सनस्क्रीन लगाएं।

**जरूरी है प्राइमर:** कभी-कभी स्किन पर रेडनेस, डलनेस और अनइवन स्किन टोन जैसी समस्याएं आ जाती हैं। इसलिए हमेशा मेकअप से पहले प्राइमर यूज करना सही रहता है। प्राइमर के इस्तेमाल से मेकअप आपकी स्किन के पोर्स के अंदर नहीं जाता और साथ ही मेकअप प्रोडक्ट्स को एक चिकना बेस देने में मदद करता है। प्राइमर, मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग भी बनाता है।



**फाउंडेशन:** मैटलुक मेकअप के लिए वाटर बेस्ड फाउंडेशन का ही चयन करें। वाटर बेस्ड फाउंडेशन की एक मोटी परत लगा कर इसे स्पंज की मदद से स्मूद फिनिश दें और इसे धीरे-धीरे ब्लेंड करें।

**कंसीलर-ब्रांजर:** कंसीलर से अपने चेहरे के दाग-धब्बों और डार्क सर्कल को छुपाने के लिए आपको फाउंडेशन से मैच करता हुआ शेड ही लगाना चाहिए। इसके साथ ब्रांजर का यूज आपके मैटलुक को नेचुरल दिखाता है। लेकिन ध्यान रखें कि इसको ज्यादा मात्रा में यूज ना करें। ब्रांजर को माथे के ऊपरी हिस्से, चीक बोंस और चिन पर लगा सकती हैं।

**लूज पावडर:** फाउंडेशन लगाने के बाद मेकअप को सेट करने के लिए कांपैक्ट फेस पावडर की बजाय हमेशा लूज पावडर का इस्तेमाल करें।

**मैट ब्लश:** कोरल-पिंक मैट ब्लश का यूज करके आप अपने गालों को हाईलाइट कर सकती हैं। मैट ब्लश को हमेशा ब्रश की मदद से ही अप्लाई करें।

**आईशैडो:** मैट फिनिश लुक के लिए न्यूड शेड वाले मैट आईशैडो का यूज करें। आप अपने आउटफिट से मैच करता हुआ आईशैडो का कलर भी चुन सकती हैं।

**मैट लिपस्टिक:** मैटलुक के लिए आप लिक्विड लिपस्टिक का यूज करें।

**(मेकअप आर्टिस्ट कोमल चौधरी से बातचीत पर आधारित)**

---

बच्चे और आप
रजनी अरोड़ा

आप जरूर चाहती होंगी, आपके बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सही ढंग से हो, उसका व्यक्तित्व प्रभावशाली हो, जीवन हमेशा खुशहाल रहे। इसके लिए आपको बच्चे की परवरिश में कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना होगा।

# परवरिश का होगा यह तरीका बच्चों का होगा खुशहाल जीवन

हर माता-पिता की ख्वाहिश होती है, उनका बच्चा स्वस्थ और खुश रहे। उसके व्यक्तित्व का सही ढंग से विकास हो। इसके लिए वे पूरी तरह प्रयासरत भी रहते हैं। लेकिन खुशी केवल बाहरी कारकों से नहीं आती, यह बच्चे की मन:स्थिति, सकारात्मक सोच, स्वस्थ जीवनशैली और अच्छे सामाजिक संबंधों पर निर्भर करती है। खुशी एक कौशल है, जिसे सही आदतों और दृष्टिकोण से विकसित किया जा सकता है। यह संभव है, बच्चे की अच्छी परवरिश से। विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चों की परवरिश केवल उनकी भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बच्चों में सही मानसिकता, भावनात्मक स्थिरता और सकारात्मक सोच विकसित करना भी जरूरी है। रोजमर्रा की अच्छी आदतें बच्चों को न सिर्फ खुश रहने, बल्कि जीवनभर के लिए खुशहाल और आशावादी बनने में भी मदद करती हैं। जिनका ध्यान रखना पैरेंट्स के लिए बहुत जरूरी है।



**दें खुशहाल और सुरक्षित माहौल:** बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य आस-पास के वातावरण पर निर्भर करता है। अगर घर का माहौल सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेम से भरा होगा, तो बच्चे में आत्मविश्वास बढ़ेगा, वे खुश भी रहेंगे। इसलिए परिवार में आपसी तनाव या नकारात्मक भावों को खत्म कर हमेशा सकारात्मक माहौल बनाए रखें। बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। यह एहसास कराएं कि वे आपके लिए अहम हैं। इससे बच्चे खुलकर अपनी बातें आपके सामने रखेंगे। आप भी उनकी समस्याओं का निवारण आसानी से कर सकेंगी।



**किताबें पढ़ने को बढ़ावा दें:** बच्चों को तरह-तरह की पुस्तकें पढ़ने की आदत डालें। सोचने और समझने की क्षमता विकसित होती है। आत्मिक संतुष्टि प्रदान करने के साथ खुशहाल जीवन बिताने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। पसंदीदा किताबें पढ़कर सुनाएं और उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। हल्की-फुल्की कहानियां, कॉमिक बुक्स पढ़ने को दें। नैतिक शिक्षा पर आधारित किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**स्वस्थ सामाजिक रिश्ते बनाना सिखाएं:** बच्चे को मजबूत और प्रेमपूर्ण संबंध बनाना सिखाएं। सहानुभूति सिखाएं, जिससे वे दूसरों की भावनाओं को समझ सकें। अपनी टीमवर्क, दोस्तों, परिवार और शिक्षकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखें। दूसरों की मदद करने की आदत बनाएं।

**सकारात्मक सोच को दें बढ़ावा:** बच्चों में सकारात्मक सोच को बढ़ावा दें, ताकि धैर्य रखकर वे बुरे वक्त में निराश न होकर सकारात्मक समाधान ढूंढ़ पाएं। बच्चों को सिखाएं कि हर समस्या का समाधान मुमकिन है। उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं। 'मैं नहीं कर सकता' को 'मैं कोशिश करूंगा' में बदलने के लिए प्रेरित करें। पैरेंट्स बच्चों के सामने सकारात्मक बातें करें, जैसे- 'तुम कर सकते हो', 'अगली बार और बेहतर होगा।'

**खुद से प्यार करना सिखाएं:** हर बच्चा दूसरे से अलग होता है। व्यक्तिगत विशेषताओं और कार्यक्षमता को समझ कर विशिष्ट बनने के लिए प्रोत्साहित करें। उसकी क्षमताओं की सराहना करें। बच्चों की दूसरों से तुलना करने से बचें।

**करें प्रेरित:** रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चे ज्यादा खुश और हेल्दी रहते हैं। उन्हे संगीत सुनने या वाद्य यंत्र बजाने के लिए प्रोत्साहित करें।

**(सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली के सीनियर साइकोलॉजिस्ट डॉ. इमरान नूरानी से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### चोरी की वारदात में शामिल जेसीबी चालक गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में कंपनी से स्टील स्क्रैप चोरी करने की वारदात में शामिल जेसीबी चालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रितेश उर्फ रामशंकर निवासी गयावर सीतापुर उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। विशाल नगर निवासी प्रमिंद्र ने बताया कि वह अवतार स्टील कंपनी में कार्यरत है। गत 27 अप्रैल को उसके पास सिक्योरिटी गार्ड भूपेश का फोन आया। उसने बताया कि कंपनी में किसी काम से जेसीबी को बुलाया था।

### अधिकारी आए सामने आरोप बताए निराधार

**गोहाना।** राजकीय विद्यालय की शिक्षिका ने शिक्षा विभाग के जिस अधिकारी पर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाए, वो भी अब सामने आ गए। अधिकारी ने कहा कि विभाग द्वारा उनकी सिफारिश पर सेक्शन सात के तहत अब शिक्षिका पर कार्रवाई शुरू की तो उसने निराधार आरोप लगाकर उनके विरुद्ध पुलिस को शिकायत दी। अधिकारी ने कहा कि 2023 में उच्च अधिकारियों ने एक स्कूल के दो शिक्षकों को निलंबित किया था, जिसकी जांच के लिए कमेटी गठित की गई।

### सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन

**सोनीपत।** आज हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की शाखा पब्लिक हेल्थ ब्रांच में सोमवार को सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि आज चरणसिंह एमसीसी व नरेश कुमार सीवर हेल्पर के पद से जनस्वास्थ्य विभाग से अपनी लंबी सेवा अवधि के उपरांत विभाग से सेवानिवृत्ति हुए हैं। दोनों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### खरखौदा में किसान संगोष्ठी का आयोजन

खरखौदा। पंजाब बीज कंपनी के तत्वावधान में सोमवार को खरखौदा में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बासमती धान की सीधी बिजाई के लिए नुजिविडू सीड्स लिमिटेड की तरफ से पुसा बासमती 1985, गोल्ड स्टार एच टी 1509,सुपर स्टार एच टी,पुसा बासमती 1979 (1121सेगमेंट) किसानों के बीच लॉन्च किया गया। आसपास के गांवों के किसानों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक योगेश शर्मा ने बताया कि धान की सीधी बिजाई में इन नयी किस्मों में खरपतवार प्रबंधन आसान है। सीधी बिजाई के फायदे पर प्रकाश डालते उन्होंने कहा कि इससे 25 से 30 % तक पानी की बचत होती है।

### चाकू से गोदकर हत्या करने का आरोप

**सोनीपत।** कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी के बाहर कर्मी की चाकू से गोदकर हत्या करने का आरोप सहकर्मी व उसके भाई समेत चार लोगों पर लगा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही दिल्ली में शव का पोस्टमार्टम कराया। आरोप है कि फैक्टरी में तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर टोकने पर उनका विवाद हुआ था। मदरसा रोड नरेला दिल्ली निवासी भाई आमिर (24) कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी में नौकरी करता था। वह रविवार को फैक्ट्री में आया हुआ था।

### कार्यक्रम में तीस छात्रों ने लिया भाग

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज खरखौदा में अंग्रेजी विभाग द्वारा महान नाटककार विलियम शेक्सपियर द्वारा रचित नाटक 'द मर्चेंट ऑफ़ वेनिस' को ऑनलाइन स्क्रीन के माध्यम से संचालित किया गया। 'द मर्चेंट ऑफ़ वेनिस' विलियम शेक्सपियर की महान रचना है, जिसमें दोस्ती, न्याय व दया को मानवता के लिए सबसे जरूरी बताया गया है। संचालन प्राचार्या डॉ तराना नेगी के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ किरन की देखरेख में महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिकाओं डॉ रजनीश और डॉक्टर नमिता रानी के द्वारा आयोजित किया गया।

## कार सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

# फिलिंग स्टेशन मैनेजर से चाकू के बल पर आठ लाख की नकदी लूटी

### पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही

### वारदात को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के नरेला रोड पर स्थित फिलिंग स्टेशन पर हथियार के बल पर मैनेजर से आठ लाख रुपये की नकदी लूट ली। वारदात को अंजाम देकर कार सवार बदमाश मौके से भाग गए। सूचना के बाद डीसीपी समेत पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस ने मैनेजर के बयान पर लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव जोली हाल में बंदेपुर निवासी विनोद ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह नरेला रोड पर राठधना के पास स्थित किरण फिलिंग स्टेशन पर मैनेजर कार्यरत है। वह सोमवार को फिलिंग स्टेशन से दो दिन का कैश लेकर सोनीपत शहर में मिशन चौक स्थित पीएनबी की शाखा में जमा कराने जा रहे थे। वह गांव राठधाना मोड़ के पास पहुंचे तो तभी गांव की तरफ से सेंट्रो कार आकर उनकी बाइक की साइड में रुकी। अचानक कार के आने से उन्हें बाइक रोकनी पड़ी। कार से दो युवक उतरे और उनके पास आकर जबरन बैग को छीनने लगे। जिस पर उन्होंने विरोध कर दिया। विरोध करने पर एक युवक ने चाकू उनके पेट पर अड़ा दिया। जिससे वह चोटिल हो गए। उसके बाद वह डराकर उनसे बैग छीनकर उसके अंदर पॉलिथीन में रखे रुपये निकाल कार में सवार होकर भाग गए। वह कच्चे रास्ते से होते हुए मैप्सको सिटी की तरफ भाग निकले। उनके शोर मचाने पर फिलिंग स्टेशन से सेल्समैन उनके पास आए और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद डीसीपी नरेंद्र कादियान, एसीपी राजपाल व जीत सिंह, थाना प्रभारी सवित, सीआईए-1 प्रभारी बीर सिंह व सीआईए सेक्टर-27 प्रभारी अनिल पंवार भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नाकाबंदी कर बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन सुराग नहीं लग सका। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली है। पुलिस ने मामले में विनोद के बयान पर लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। 12 साल से कर रहे मैनेजर के रूप में काम विनोद ने पुलिस को बताया कि वह 12 साल से फिलिंग स्टेशन पर बतौर मैनेजर कार्यरत है। अक्सर वह स्वयं ही नकदी जमा कराने के लिए बैंक में जाते हैं। पहली बार उनके साथ इस तरह की वारदात हुई है।






**सोनीपत।** मौके पर पहुंची पुलिस टीमे जांच करते व पीड़ित से पूछताछ करते हुए।

#### जांच जारी

फिलिंग स्टेशन मैनेजर के कारिंदे से हथियार के बल पर नकदी लूटने की शिकायत मिली है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार सवार बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द से जल्द बदमाशों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। *एसआई सुरेंद्र, जांच अधिकारी।*

# आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन

- पहलगाम में आतंकी की घोर निंदा मौन रखकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बजरंग सेना ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। संगठन के बैनर तले सोमवार को सेक्टर-7 में इस घटना को लेकर पाकिस्तान के झंडे के साथ प्रदर्शन किया गया। बजरंग सेना प्रदेश प्रभारी आशीष कुमार ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों पर हमला करके मानवता को शर्मसार किया है। इस अमानवीय घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों और उनके सरगनाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद दुनिया के लिए बड़ा खतरा है। आज सभी राष्ट्रों को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ एक मंच पर आने की जरूरत है। समारोह में लोगों ने दो मिनट का मौन धारण करके हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में सैकड़ों युवाओं ने पाक का झंडा लेकर आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सुभाष सरपंच ईशापुर खेडी, समाजसेवी राजेंद्र सैनी, आजाद सिंह दांगी, विनोद बाजवान, अरूण महमूदपुर, संदीप व बिजेंद्र सहित सैकड़ों नागरिक शामिल रहे।



पाकिस्तानी झंडे के साथ आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन करते नागरिक।




**गोहाना।** आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते नागरिक।

### आतंकवाद का स्थाई इलाज जरूरी

**गोहाना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला पाकिस्तान के पाले गुर्गों की कायरतापूर्ण हरकत है। आतंकवादियों को इस जघन्य अपराध का दंड अवश्य मिलना चाहिए। आतंकवाद का स्थाई इलाज करना जरूरी है। सोमवार को विभिन्न संगठनों ने यह मांग गांव कथूरा स्थित अखिल भारतीय सर्वजातीय नरवाल खाप भवन में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उठाई। नरवाल खाप के राष्ट्रीय प्रधान भलेराम नरवाल ने कहा कि आतंकवाद विश्व में नासूर के समान है। इसका खात्मा जरूरी है। यदि आतंकवाद को जड़ से खत्म नहीं किया गया तो यह पूरे विश्व में शरीर में नासूर की तरह फैल जाएगा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जिला करनाल भूसली गांव निवासी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल सहित 28 निर्दोष लोगों को आतंकवादियों ने मौत के घाट उतार दिया।

### आतंकवाद बड़ी चुनौती मिलकर होगा मुकाबला

**सोनीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के उपाध्यक्ष कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी एवं सीटू नेता आनंद शर्मा ने संयुक्त ब्यान जारी करते हुए कहा कि पहलगाम जम्मू कश्मीर में हुई दर्दनाक आतंकी घटना के बाद देश-राज्य व जिला के अंदर असामाजिक तत्वों द्वारा धर्म विशेष के लोगों को निशाना बनाते हुए हिंसक हमले किए जा रहे हैं। इन हिंसक हमलों की कड़ी आलोचना करते हुए मांग की है कि सांप्रदायिक सद्भाव, शांति, भाईचारा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन जनता का सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि देश के सामने आतंकवाद बड़ी चुनौती है जिसको लेकर हम सब सरकार और जनता मिलकर मुकाबला करेंगे। पहलगाम की दर्दनाक घटना में मारे गए 28 निर्दोष लोगों के पीड़ित परिवारों के लिए पूरा देश गमगीन होकर, सहानुभूति दे रहा है।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**सोनीपत।** अखंड हिन्दू स्वाभिमान की टीम ने सोमवार को लघु सचिवालय में पहुंचकर रसोई स्थित एक मस्जिद के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। जीटी रोड स्थित मस्जिद को लेकर आरोप लगाए गए हैं कि यह मस्जिद अवैध जमीन पर बनी हुई है। मनीष राई के नेतृत्व में रमेश जांगड़ा, केशव, बबलू, बलबीर, सतबीर, दीपक आदि ने शिकायत देकर बताया कि मस्जिद अवैध रूप से बनाई गई है। मनीष ने बताया कि इस मस्जिद की शिकायत पहले भी की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस दौरान लघु सचिवालय में आरकेई ब्रांज के कर्मचारी पर बदतमीजी का भी आरोप लगाया गया।



**सोनीपत।** शिकायत करने पहुंचें मनीष राई साथ में अन्य।



**सोनीपत।** बच्चों को भोजन करवाते संजीव अग्रवाल एवं अन्य।

### मां की पुण्यतिथि पर करवाया भोजन

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन के डायरेक्टर संजीव अग्रवाल ने अपनी माता स्वर्गीय चंद्रा अग्रवाल की पुण्यतिथि पर बधिर बच्चों के स्कूल में सभी बच्चों व स्कूल स्टाफ को भोजन करवाया। इस मौके पर उनके पिताजी डॉ. जीपी अग्रवाल, स्कूल के प्रिंसिपल सविंदर चोपड़ा व अविनाश सेठी मौजूद रहे। संस्था के चेयरमेन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि संस्था द्वारा बधिर स्कूल की रसोई का सारा खर्च वहन किया जाता है व बच्चों को ड्रेस स्टेशनरी आदि भी दिलवाई जाती है।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**सोनीपत।** जानकीदास कपूर पब्लिक स्कूल, सोनीपत की कक्षा 9वीं की छात्रा धृति ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित "इन्सपायर-मानक" योजना के तहत चयनित होकर स्कूल तथा क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। धृति को उनके विज्ञान परियोजना/मॉडल के लिए 10,000 (दस हजार रुपये) की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई है। यह पुरस्कार उन्हें वर्ष 2024-25 के लिए विज्ञान परियोजना की तैयारी और जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रदान किया गया है। धृति ने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता, शिक्षकों तथा विद्यालय का आभार व्यक्त किया। धृति को यह सम्मान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वैज्ञानिक संदीप बंसल द्वारा प्रदान किया गया।



**सोनीपत।** चयनित छात्रा के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*




**खरखौदा।** आक्रोश रैली को रवाना करते चेयरमैन हीरालाल इंदौरा।

### आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली

**खरखौदा ।** सांपला रोड स्थित ए. पी. गर्ग पब्लिक स्कूल, खरखौदा के विद्यार्थियों ने आतंकवाद के खिलाफ रैली निकाली। जिसे नगर पालिका खरखौदा के चेयरमैन हीरालाल इंदौरा ने झंडी दिखाकर रवाना किया और कुछ कदम विद्यार्थियों के साथ भी चले। कार्यक्रम का उद्देश्य पहलगाम में हुए आतंकी हमले के प्रति आक्रोश व्यक्त करना और आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करना था। आक्रोश रैली में छठी से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थी हाथों में न सिर्फ तिरंगा झंडा लिए हुए थे बल्कि आतंकवाद विरोधी संदेश वाले बैनरों लेकर देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। रैली ए. पी. गर्ग पब्लिक स्कूल से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय, खरखौदा तक पहुंची।



**गोहाना।** शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथि एवं आयोजक।

### शिविर में 46 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** सोमवार को शहर में सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में दो महिलाओं समेत 46 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में छह नागरिकों ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि सीए राजेश भारद्वाज और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला सोनीपत इकाई के कोषाध्यक्ष बलराम कौशिक और शिकायत निवारण कमेटी के सदस्य कुलदीप कौशिक थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की और संयोजन स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में हरियाणा पुलिस से युद्धवीर सिंह, संजीव कुमार और ट्रैफिक पुलिस से राकेश कुमार ने रक्तदान किया। महिला रक्तदाताओं में सविता और सुदेश ने रक्तदान का पुण्य बटोरा।

# लंबित मांगों को जल्द पूरा करें

- बस अड्डा परिसर में रोडवेज कर्मचारियों का रोष-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को बस अड्डा परिसर में रोडवेज कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार व उच्चाधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया तो 15 मई को अंबारा में परिवहन मंत्री के आवास तक न्याय मार्च निकाला जाएगा। डिपो प्रधान मनजीत पहल, संजीव कुमार ने बताया कि सरकार की आरे से लंबित मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। सरकार की ओर से निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके विरोध में रोडवेज कर्मियों में रोष जारी है। महानिदेशक के अड़ियल रवैये के खिलाफ सोमवार को डिपो स्तर पर प्रदर्शन किया गया। उनहोंने कहा कि अगर सरकार ने मानी हुई मांगों को जल्द लागू नहीं किया तो 15 मई को हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा परिवहन मंत्री अनिल के आवास पर अंबाला में न्याय मार्च निकालने के लिए मजबूर होगा। न्याय मार्च में प्रदेशभर के रोडवेज कर्मी शामिल होंगे। उसके बाद भी सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया तो 20 मई को चक्का जाम किया जा सकता है। अनिल कुमार, आनंद, रामकरण पटवारी आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** रोष-प्रदर्शन करते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद के कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वरिष्ठ नागरिक।

### शहीदों को श्रद्धांजलि

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत के तत्वावधान में सामुदायिक केन्द्र सेक्टर 14 के सभागार में परिषद प्रधान इंजीनियर बीआर आहूजा की अध्यक्षता में अप्रैल मास में उत्पन्न हुए परिषद के 58 सदस्यों का जन्म दिवस सामूहिक रूप से मनाया गया। समारोह का आरम्भ गायत्री मन्त्रोच्चारण से किया गया। इस दौरान पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धार्मिक आधार पर अमानवीय और घृणित कार्यवाही की घोर निन्दा करते हुए पर्यटक शहीदों को भावभीनी मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके परिवारों के लिए धैर्य धारण और सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु परमेश्वर से प्रार्थना की गई। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए वरिष्ठ नागरिकों ने प्रभु भक्ति, गीतों गजलों, कविताओं और शेर और शायरी की झाड़ी लगाकर सदस्यों को भावविभोर कर दिया।

**कार्यक्रम** जीवीएम गर्ल्स कालेज में विदाई समारोह में छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुति

# स्नातक में बीबीए की काजल व स्नातकोत्तर में एमएससी केमिस्ट्री की सोनिका गोयल को मिस-जीवीएम का खिताब



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज में सोमवार को वाणिज्य तथा विज्ञान संकाय की स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें स्नातक में बीबीए की काजल और स्नातकोत्तर में एमएससी कैमिस्ट्री की सोनिका गोयल को मिस-जीवीएम के खिताब से सुशोभित किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए अंतिम वर्ष की छात्राओं को सुखद भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी।जीवीएम में वाणिज्य तथा विज्ञान संकायों के तहत बीएससी बायोटैक, बीएससी होम साइंस, बीसीए, बीबीए, बीकॉम ऑनर्स, एमएससी फिजीक्स, एमएससी कैमिस्ट्री, एमएम-एमएससी गणित और एमकॉम की विदाई पार्टी संयुक्त रूप से आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह व विज्ञान विभाग की डीन पुनीता बतरा ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस दौरान प्रथम व द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने अपनी वरिष्ठ साथी छात्राओं के सम्मान में मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### ये मौजूद रही

इस अवसर पर विभागीय प्राध्यापिकाएं उपस्थित रही जिनमें प्रमुख रूप से सुनीता धवन, डा. अनीता सैनी, डा. आशा चावला, डा. संगीता सिंह, डा. स्मिति अग्रवाल, डा. मीनाक्षी, डा. सोनिया मित्तल, डा. प्रवीण शर्मा, महिमा हुड्डा, वंदना सचदेवा, कीर्ति सतीजा, मीनू सुखीजा, मीतू मनोचा, डा. मोनिका, पारूल, प्रीति, अंशू, प्रियंका, कीर्ति और ज्योत्सना आदि शामिल रही।




**सोनीपत।** गायत्री मंत्र का जाप करते एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### मृतकों को गायत्री मंत्र से श्रद्धांजलि

**सोनीपत।** जिला सोनीपत फर्टिलाइजर पेस्टीसाइड एंड सीड्स एसोसिएशन द्वारा पहलगाम में कायराना आतंकी हमले के विरोध में व मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई व गायत्री मंत्र का जाप किया गया। हरियाणा सीड्स पेस्टीसाइड एंड फर्टिलाइजर डीलर एसोसिएशन के उपप्रधान व सोनीपत जिला एसोसिएशन के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि सोमवार को पूरे हरियाणा में जिला व ब्लॉक स्तर पर सभी डीलरो द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर गायत्री मंत्र का जाप करते हुए श्रद्धांजलि दी गई और भारत सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई। सोनीपत बीज मार्केट के प्रधान सतीश गुप्ता बिन्नी ने बताया कि इसी कड़ी में आज सोनीपत में बीज मार्केट में यह श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर सतबीर गांधी, रतन लाल सेठी, दिलबाग मलिक, सुनील कुमार, जयकंवार लाकड़ा, काला लाकड़ा, शशि नागपाल, विशाल करेवड़ी, डॉ. आशीष, डॉ. प्रमोद आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। खानपुर में वाटर कूलर दान करते हुए संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

### खानपुर मेडिकल में लगवाए दो वाटर कूलर

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने खानपुर मेडिकल में मरीजों के लिए पानी की किल्लत देखते हुए सोमवार को दो वाटर कूलर लगवाए। अस्पताल की ओपीडी में कूलर लगवाने के बाद संस्था के चेयरमेन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि संस्था के शीतल जल सेवा गोविंद प्याऊ अभियान के तहत जिले भर में सार्वजनिक स्थानों पर 26 कूलर लगवाए जा चुके हैं। सोमवार को संजय सिंगला, एडवोकेट अरविंद मित्तल व प्रवीण वर्मा ने खानपुर मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर जगदीश चंद्र दुरेजा को दो वाटर कुलर भेंट किए। इस अवसर पर श्री नंदलाल गौशाला ठसका के प्रधान डॉ. एसएन गुप्ता, रामा प्रसाद शर्मा व हनी शर्मा भी मौजूद रहे।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने अवैध हथियार की घटना में संलिप्त आरोपित को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव रभड़ा निवासी कृष्ण पुत्र बिजेन्द्र है। क्राइम यूनिट गोहाना मे नियुक्त सहायक उप निरिक्षक अनित 27 अप्रैल को अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान गोहाना-खरखौदा मार्ग स्थित राभड़ा मोड पर मौजूद थे। तभी उनको खुफिया जानकारी मिली कि कृष्ण के पास अवैध हथियार है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 38 बोर का एक देसी पिस्तौल बरामद किया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



### अंग्रेजी कविता पाठ स्पर्धा में राहुल ने मारी बाजी

**गोहाना।** राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को अंग्रेजी विभाग द्वारा कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने की। निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग की प्रभारी ज्योति, डॉ. सरिता मलिक, साहिल सभरवाल व डॉ. नवीन शामिल रहे। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र राहुल प्रथम रहे। दूसरा स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मंजू ने प्राप्त किया जबकि तीसरे स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष के छात्र गौरव रहे।



### टीम सन ने क्लाउड को शूटआउट में हराया

**सोनीपत।** प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन द्वारा संचालित हॉकी अकादमी के औद्योगिक क्षेत्र स्थित घास के मैदान पर अंडर -14 मिक्सड हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच व समापन समारोह रविवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय पहलवान अमित धनखड़ के पिता हरेंद्र धनखड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ खेल के अनुभव सांझा किए। इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में टीम सन ने टीम क्लाउड को शूटआउट में 3-2 से हराया।

### परशुराम जयंती में बच्चों ने प्रस्तुत किया नाटक

**सोनीपत।** परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राइट स्कॉलर स्कूल की कक्षा चतुर्थ लोटस के विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह और भक्ति के साथ एक विशेष सभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की शिक्षाओं पर प्रकाश डालने वाले एक सुंदर विचार के साथ हुई, जिन्हें भगवान विष्णु के छठे अवतार और वीरता और धर्म के प्रतीक के रूप में जाना जाता है।

# 7वीं यूथ नेशनल बॉक्सिंग स्पर्धा में सोनीपत के बॉक्सरों ने जीते पदक

## ग्रेटर नोएडा में 21 से 27 अप्रैल तक हुआ था प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा शहर में 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक 7वीं यूथ (बालक एवम् बालिका- अंडर 19) नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के 3 बॉक्सरों ने इस प्रतियोगिता में खेलते हुए एक रजत पदक व दो कांस्य पदक जीते।

बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी राज्यों से 600 बॉक्सरों से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 55 किलो भारवर्ग में खेलते हुए जतिन सिंगरोहा ने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गुजरात के महेश चौहान को व सेमीफाइनल मुक़ाबले में झारखंड के शिवम दुबे को हराकर रजत पदक, 50 किलो भारवर्ग में जतिन शर्मा ने अपने क्वार्टरफाइनल मुक़ाबले में तमिलनाडु के एके कीर्तियवासन को हराकर कांस्य पदक, 75 किलो भारवर्ग में खेलते हुए सूर्यांश प्रताप तोमर ने अपने क्वार्टरफाइल मुक़ाबले में दिल्ली के आशीष कुमार को हराकर कांस्य पदक जीतकर आगामी खेलों इंडिया यूथ गेम्स के लिए भी क्वालिफाई किया जो कि 10 मई से बिहार के पटना शहर में आयोजित की जाएगी।




### चेयरमैन ने दी बधाई

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 22 अप्रैल से 27 अप्रैल तक 68वीं स्कूल नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अंडर 14 आयु वर्ग में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के जयंत ने 36 किलो भारवर्ग में खेलते हुए अपने क्वार्टरफाइनल मुक़ाबले में बिहार के वीरू कुमार को व सेमीफाइनल मुक़ाबले में आसाम के अभिज्ञान को हराकर रजत पदक जीता। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजेताओं बॉक्सर्स को बधाई दी व जतिन सिंगरोहा, जतिन शर्मा ओर सूर्यांश तोमर को आगामी खेलों इंडिया यूथ गेम्स के लिए शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## इंटर बटालियन फायरिंग प्रतियोगिता में चयनित हुई शीतल और नोविका

**सोनीपत।** हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की एनसीसी कैडेट्स शीतल और नोविका ने आगामी 1 मई से 10 मई तक जवाहर नवोदय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाली इंटर बटालियन फायरिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. विपाशा अग्रवाल ने दोनों कैडेट्स को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह चयन विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। कॉलेज की एनसीसी अधिकारी कैप्टन नीतू नसीयर ने भी शीतल और नोविका को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्हें प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर कॉलेज और बटालियन का नाम और ऊंचा करने के लिए प्रोत्साहित किया।



सोनीपत। चयनित छात्राओं के साथ प्राचार्या, एनसीसी अधिकारी।



राई। राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत फाईनेस कमीशन आफ इंडिया बैठक में समस्याओं से अवगत करवा बजट की मांग करते हुए।

## बैठक में विधायक ने विकास परियोजनाओं का मांगा बजट

■ विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा, एनसीआर में होने पर राई का विकास जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

फाइनेस कमीशन आफ इंडिया की चंडीगढ हरियाणा भवन में विकास कार्यों को लेकर बजट देने को लेकर आयोजित वार्षिक बैठक में राई हलका विधायक व पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने हलके की मुख्य समस्याओं को कमीशन से अवगत करवाते हुए उनके समाधान के लिए करोड़ों रूपयें का बजट देने की मांग की। बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव, अन्य अधिकारीगण के अलावा भाजपा व कांग्रेस के कुछ विधायक मौजूद रहे।

राई विधायक गहलावत ने फाईनेंस कमीशन को अवगत करवाया कि राई हलका दिल्ली एनसीआर से लगता हुआ है। गहलावत ने कहा कि राई हलके में कई एचएसआईआईडीसी कुंडली, राई व अन्य औद्योगिक क्षेत्र है। इसके अलावा बहुत से ऐसे गांव है जिनमें गंदे पानी की निकासी नही है। इसलिए सबसे पहले उद्योगों को सुविधा दी जाएगी, सुविधा मिलने पर उद्योग लगेगे और हलके के युवाओं को रोजगार मिलेगी। उसके साथ ही मुख्य जी टी रोड होने की वजह से वाहन चालकों के अलावा आसपास के गांवों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए ट्रामा सैंटर के अलावा अलग से बजट दिया जाए। उन्होंने कहा कि गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति आपूर्ति लाइन में सुधार किया जाए।

## नया बांस राजकीय स्कूल के डीडीओ सेवानिवृत्त, विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नया बांस गांव के राजकीय स्कूल में कार्यरत कार्यवाहक मुख्याध्यापक परमानंद 28 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के शिक्षकों के अलावा गांव के गणमान्य लोगों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मान करते हुए उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य की सराहना की।

सरपंच प्रवीन धनखड़ ने कहा कि मास्टर परमान्द कौशिक ने बहुत ही मेहनत, लग्न से उनके गांव के स्कूल में अपनी सेवाएं दी। उनके द्वारा किए कार्य कार्य के कारण उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। स्कूल के अन्य शिक्षकों को भी उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए।



गन्नौर। सेवानिवृ डीडीओ परमान्द कौशिक को सेवानिवृत पर स्कूल के शिक्षक व अन्य स्मृति चिन्ह देते हुए।

सेवानिवृत परमानंद कौशिक ने बताया कि जीपीएस घरौंडा के स्कूल से वर्ष 1998 में जेबीटी शिक्षक से अपनी सेवाएं शुरू की। उसके बाद दो साल बिलंदपुर गन्नौर के राजकीय स्कूल में 2009 से अब तक नयाबांस गांव के राजकीय स्कूल में अपनी सेवाएं दी।

पांच साल डीडीओ रहे। प्रधानाचार्य विनोद शर्मा ने सेवानिवृ परमान्द कौशिक के कार्य की सराहना करते हुए कि ब्लाक शिक्षा अधिकारी द्वारा 2001 में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के पुरस्कार से सम्मान, 2008 में लांयस क्लब गन्नौर द्वारा सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार, शिक्षा व समाजसेवा में कार्य करने पर 2008 में एचआर गौड द्वारा पुरस्कार से सम्मान, इसके अलावा लायंस क्लब गोल्ड के अध्यक्ष के अलावा सामाजिक गतिविधियों का नेतृत्व करते हुए गरीब लड़कियों की शादी, पौधारोपण, अनाथ आश्रम में सहयोग किया। सरपंच प्रवीन धनखड़, प्रधानाचार्य विनोद शर्मा, स्टाफ नवीन कुमार, श्रमिला, देवेन्द्र, राजेश, योगेन्द्र, निमिका, शीला आदि मौजूद थे।



### भूखे को भोजन व प्यासे को पानी पिलाने से मिलती है संतुष्टिः महंत

**सोनीपत।** लहराड़ा स्थित दादा मोहनदास धाम के बाहर सोमवार को निःशुल्क चाय-नाश्ते और प्रसाद वितरण सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महंत योगी बाबा विजयनाथ महाराज उपस्थित रहे। उनके साथ बाबा देवनाथ, ओमनाथ महाराज, अजय लाकड़ा, अजय सरोवर एवं मंजीत सरोवर भी मौजूद रहे। महंत योगी बाबा विजयनाथ महाराज ने कहा कि भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाने से आत्मा को संतुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि इससे श्रेष्ठ कोई कार्य नहीं हो सकता।

## 70 ने डाले वोट, धर्मप्रकाश प्रधान कपिल देव मंत्री पद के लिए विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

काठमंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में रविवार को संस्था की प्रबंध कार्यकारिणी का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी नरेन्द्र सिंह और जिला फर्म एंड सोसायटी के प्रतिनिधि नवीन कुमार ने चुनाव परिणाम की घोषणा की।

इस चुनाव में धर्मप्रकाश दहिया प्रधान, कपिल देव मंत्री, प्रताप सिंह शास्त्री उप-प्रधान, अरुण दहिया कोषाध्यक्ष, राजपाल सिंह सह-सचिव के पद पर विजयी हुए। इसके अतिरिक्त नरेन्द्र सिंह, प्रवीण कुमार, शिव काजल, सतबीर सिंह सरोहा, धर्मदेव व उमेद सिंह दहिया प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों के तौर पर चुनाव जीते। विजेता पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रतिद्वंदी राजपाल खत्री, भगत सिंह, नरेश चंद गोयल, सुरेश बंसल, नरेश कुमार, राजेश चंद आर्य, विजय दहिया, अशोक गोयल, राजबीर सिंह, विवेक तथा नरेन्द्र को पराजय का सामना करना पड़ा। चुनाव अधिकारी ने बताया कि आर्य समाज महासभा के कुल 71 वोट में से 70 मतदाताओं ने अपना वोट डाला। इस अवसर पर पूर्व विधायक जयतीर्थ दहिया, पवन गुप्ता, ज्ञानचंद आर्य, राजेन्द्र दहिया, नरेश कुमार सरोहा, नफे सिंह, राजेश कुमार धनेरवाल, सुरेश कुमार, राज सिंह, जयसिंह दहिया, दयाव्रत शास्त्री, धनपत मलिक, शैलेन्द्र खत्री, सुधीर कुमार, प्रेम सिंह, यशदेव, विवेक चहल, सूर्य दहिया, आलोक भनवाला आदि भी उपस्थित थे। चुनाव में विजयी रहे पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आर्य समाज के प्रचार-प्रसार और महर्षि दयानन्द सरस्वती की क्रांतिकारी एवं समाज सुधारक विचारधारा को यथार्थ के धरातल पर प्रस्तुत करने का संकल्प लिया।



## हरियाणा पंजाबी संघ के पदाधिकारी धार्मिक यात्रा के लिए हुए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हरियाणा पंजाबी संघ द्वारा धार्मिक यात्रा को संघ के प्रधान भूपेन्द्र कुकेरजा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने बरसाना, नंदगांव व कोकिलावन के लिए रवाना किया। रवाना करने से पूर्व संबोधित करते हुए दीपक बजाज ने कहा कि पंजाबी संघ द्वारा सदस्यों के लिए धार्मिक स्थल की यात्रा करवाने का बीड़ा उठाया है। इससे लोगों में धार्मिक आस्था और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी संघ समय- समय पर गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए आगे रहता है। यह बड़ा सराहनीय कदम है। इस मौके पर संघ के उपप्रधान रमेश कुमार,संजीव दावड़ा, सचिव प्रीतम आहूजा, सह सचिव धर्म चंद खन्ना, हर्ष अदलखा, कोषाध्यक्ष नारायण दास खन्ना, परियोजना अध्यक्ष रिंकू राय, जीत मुटरेजा आदि गणमान्य लोग रवाना हुए।



गन्नौर। दायित्व समारोह में भाविप वीर सावरकर शाखाध्यक्ष बनी मंजू शर्मा का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## मंजू शर्मा बनी भाविप वीर सावरकर शाखाध्यक्षा

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद, वीर सावरकर शाखा गन्नौर ने नवकार गार्डन में दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह आयोजित किया। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश मित्तल ने मंजू शर्मा को अध्यक्ष, प्रीतम लाल आहूजा को सचिव और पूनम सिंघल को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में 10 नए सदस्यों ने भी परिषद की सदस्यता ली। प्रवीण सिंघल, मंजू शर्मा व मोनिका गुजराल ने मंच संचालन किया। हरियाणा कला परिषद का सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा। नवीन कौशिक ने समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने पर संदेश दिया। वहीं प्रांतीय वित्त सचिव योगेश गोयल ने परिषद का परिचय कराते हुए सभी सदस्यों का मार्गदर्शन किया। डा. जोगिंद्र शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

### कल्पना चावला विद्यापीठ में अंतर्सदनीय संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता हुई

**खरखौदा।** खांडा रोड स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ में अंतर्सदनीय संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस बीच मंच का संचालन अध्यापिका शीतल ने किया। संस्कृत अध्यापक विजेंद्र हुड्डा निर्णायक रहे। विद्यार्थियों को तीन सदनों सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् में बांटा गया है। इस प्रतियोगी में प्रतियोगिता में छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक सदन से तीन-तीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुति बढ़-चढ़ कर दी। श्लोक गीता से संबंधित रहे। जिनसे हमें व्यवहारिक व सकारात्मक विचारों की शिक्षा मिलती है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शिवम् सदन से वंश सुपुत्र धर्मबीर और सुंदरम् सदन से दक्ष सुपुत्र संदीप, द्वितीय स्थान पर सत्यम् सदन से भूमिका सुपुत्री विशाल और तृतीय स्थान पर सत्यम् सदन से अवनी सुपुत्री प्रदीप और प्रियांशु सुपुत्र मनीत, सुंदरम सदन से भव्या सुपुत्री अमित ने प्राप्त किया। प्राचार्या उषा वत्स ने बताया कि भगवत गीता व व्यवहारिक जीवन में प्रयोग होने वाले श्लोकों का बहुत महत्व है, क्योंकि वे जीवन के विभिन्न पहलुओं कर्म, आत्मा, परमात्मा, भक्ति, आदि के बारे में गहन ज्ञान प्रदान करते हैं। वे व्यक्ति को कर्म पर अधिकार रखने और फल की इच्छा न करने की प्रेरणा देते हैं, साथ ही तनाव से बचने और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने में भी मदद करते हैं।




### दो दिनों तक चला कार्यक्रमों का दौर, पहले धार्मिक फिर सामाजिक कार्यक्रम

# शिविर में 72 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जन सेवा जागृति मंच द्वारा जागृति धाम में दो दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शनिवार को पहले दिन स्वामी डॉ. दिव्यानंद के सानिध्य में विधायक निखिल मदान की धर्मपत्नी निखिता निखिल मदान द्वारा लिफ्ट का शिलान्यास किया गया।

इस दौरान भाजपा नेता त्रिभुवन कौशिक, निगम पार्षद बबीता कौशिक, सुंदर कांड यज्ञ समिति से रमेश गिरधर, केएल तनेजा, नरेन्द्र शर्मा, प्रवीन राम मनचंदा, मदन लाल ठेकेदार, खरखौदा नगर परिषद के चेयरमैन हीरा लाल, सीए पवन गुप्ता, ममता शर्मा, महावीर कादियान, केएस सागवान और जन सेवा जागृति मंच के सदस्यगण मौजूद रहे।

सायंकालीन सत्र में श्री सुन्दरकाण्ड यज्ञ समिति के तत्वधान में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया। जिसके बाद प्रमोद बहन ने सबका मार्गदर्शन किया। मेयर राजीव जैन, सहायक आयुक्त सीमा शुल्क संतोष अरोड़ा, वरिष्ठ नागरिक परिषद के प्रधान बीआर आहूजा, सेवा समिति महावीर दल से हरीश चावला जी, राजेश बजाज, दुर्गा माता निर्भय मंडल से रतन चावला एवं शाम लाल छाबड़ा और विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। तत्पश्चात महाराज के प्रवचन हुए तथा आरती एवं भंडारे के साथ सत्र का समापन हुआ। रविवार को दूसरे दिन जन सेवा जागृति मंच द्वारा सामाजिक कार्य किए गए, जिसकी शुरुआत प्रातःकाल गौ सेवा की गई। इसके बाद रेडक्रॉस सोसायटी एवं सोनीपत ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से 72 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया सभी रक्तदाताओं को केले, बिस्कुट, फ्रूटी और कॉफी सहित स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ दिए गए। इसके साथ ही जनता चैरिटेबल अस्पताल के सहयोग से 70 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई तथा 25 लोगों ने ईसीजी का लाभ उठाया।

**तुलसी के पौधे देकर किया सम्मानितः** इस अवसर पर भाजपा नेता ललित बत्रा, निगम पार्षद सुरिंद्र मदान, कांग्रेस नेता कमल हसीजा, जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला, समाज सेवा समित के प्रधान प्रवीन वर्मा, सीए पवन गुप्ता भी उपस्थित रहे। अतिथयों ने सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो, प्रमाण पत्र तथा तुलसी पौधे देकर सम्मानित किया गया।




सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें भाजपा नेता ललित बत्रा का स्वागत करते हुए मंच के पदाधिकारी साथ में सीए पवन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

PARAS® CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
ADMISSION OPEN for NTT
नर्सरी टीचर ट्रेनिंग
B.Ed. & D.L.Ed.
NEAR CITY MALL, SONIPAT
Call : 9149112716, 7015755714